तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 13 जुलाई 2026

08 जरण्डी में बेबस बुजुर्ग दिव्यांग कमार दंपति को...



10 दत्तात्रेय मंदिर हटरी क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था...





प्रवेश प्रारंभ

B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA PG Diploma in Yoga Edu.

AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त (पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)

नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

मो.न. - 8103982557

# मानवता की मिसाल: महानदी में डूबते दो मासूमों को बचाकर प्रदीप खुद तेज धारा में बहा, मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

महानदी में शनिवार दोपहर घटी एक दर्दनाक घटना ने पूरे शहर को गहरे सदमे में डाल दिया। मानवता की मिसाल पेश करते हुए 32 वर्षीय प्रदीप कश्यप ने डूब रहे दो मासूम बच्चों की जान तो बचा ली, लेकिन स्वयं नदी की तेज धारा में समा गया। द
'र रात तक चले तलाश अभियान के बाद रविवार सुबह गोताखोरों ने उसका शव बरामद कर लिया। शव मिलने की खबर फैलते ही पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर लगभग दो बजे प्रदीप कश्यप अपनी पत्नी मंगला कश्यप के साथ महानदी में नहाने गया था। उसकी पत्नी नदी किनारे कपड़े धो रही थी। इसी दौरान उनकी नजर दो छोटे बच्चों पर पड़ी, जो नहाते-नहाते गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। बच्चों की जान पर बन आई थी। यह दृश्य देखते ही प्रदीप बिना एक पल गंवाए बच्चो को बचाने के लिए बढ़ गए। वे अपनी जान की परवाह किए बिना दोनों बच्चों तक पहुंचकर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल दिया। बच्चों की जान तो बच गई, लेकिन इस दौरान वह स्वयं गहरे पानी और तेज बहाव की चपेट में आ गया। देखते ही देखते वह नदी में लापता हो गया। कुछ ही क्षणों में खुशियां मातम में बदल गईं। घटना की जानकारी मिलते ही पारा मोहल्ला सहित आसपास के क्षेत्रों के बड़ी संख्या में लोग महानदी तट पर पहुंच गए। नदी किनारे लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। , वह हमेशा याद रखा जाएगा। उसने यह ▶▶|शेष पेज 8 पर

## रातभर चला रेस्क्यू, सुबह नेहरू स्तंभ के पास मिला शव



### परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

सूचना मिलने पर नवापारा पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंची। एसआई अरुण साहू के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक कोमल वर्मा, आरक्षक महेंद्र गिलहरे, हुलास साहू की टीम ने राहत एवं बचाव कार्य में लगे तथा रायपुर से विशेष गोताखोर दल को बुलाया गया, जिसने देर रात तक नदी में लगातार खोजबीन की, लेकिन अंधेरा होने और पानी की स्थिति प्रतिकूल होने के कारण सफलता नहीं मिल सकी। रविवार सुबह होते ही गोताखोरों ने दोबारा खोज अभियान शुरू किया और नदी की धार में कुछ ही दूर नेहरू स्तंभ के पास आखिरकार प्रदीप कश्यप का शव महानदी से बरामद कर लिया। शव मिलते ही मौके पर मौजूद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पूरे क्षेत्र में मातम पसर गया और हर किसी की जुबान पर प्रदीप के साहस और त्याग की चर्चा होने लगी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रदीप ने जिस बहादुरी और निस्वार्थ भाव से दो मासूमों की जान बचाई।

## खबर संक्षेप

### श्री साईं बाबा मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव आज

राजिम। गरियाबंद रोड पर स्थित श्री साईं मंदिर में श्री साईं बाबा मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा स्थापना दिवस का 16वां वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रातःकाल से ही धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित होगी, जिसमें श्री साईं बाबा का मंगल स्नान, काकड़ आरती, अभिषेक, श्री साईं सच्चरित्र अखंड पारायण, श्री साईं सत्य व्रत कथा, मध्यान्ह आरती, विशाल भंडारा, भजन-कीर्तन, बाबा की पालकी यात्रा, धूप आरती तथा रात्रि 9:30 बजे शयन आरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। श्री साईं सेवा संस्थान के प्रमुख मोहन ठाकुर ने बताया कि वार्षिक उत्सव के अवसर पर नागरिक अभिनंदन, गुरुजनों का सम्मान, क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का सम्मान, नगर के प्रतिभाशाली स्कूली विद्यार्थियों का सम्मान, जरूरतमंदों को वस्त्र वितरण, विद्यार्थियों को पेन एवं कॉपी वितरण तथा साईं भक्तों को श्री साईं सच्चरित्र ग्रंथ का वितरण भी किया जाएगा। श्री साईं सेवा संस्थान राजिम के प्रमुख मोहन ठाकुर, लाला साहू, विश्वजीत सिंह, संजय यादव, सफीक धीवर, गोपी धीवर, मुकेश अवसरिया, शिवराज देवांगन, गोलू सोनकर, प्रदीप जैन, गोलू डाडे, मुकेश साहू, आयुष ठाकुर, दुर्गा प्रसाद धीवर, केशव ठाकुर, राजेश धीवर, कमल धीवर, मालती ठाकुर, गुड्डी यादव, मनीषा साहू ,अश्वनी राजपूत ने क्षेत्र के समस्त साईं भक्तों को स्थापना दिवस में पहुंचने आग्रह किया है।



### रोहित साहू का जनदर्शन कार्यक्रम स्थगित

**राजिम**। विधायक रोहित साहू आगामी 13 जुलाई से 17 जुलाई तक रायपुर में रहेंगे। इस दौरान वे छत्तीसगढ़ विधानसभा के आगामी मानसून सत्र की कार्यवाही में हिस्सा लेंगे। विधानसभा सत्र में व्यस्तता के कारण जनदर्शन कार्यक्रम अस्थाई रूप से स्थगित रहेगा। उनके निज सहायक किशोर साहू ने बताया कि सत्र अवधि के दौरान विधायक निवास पर प्रति सोमवार और शुक्रवार को आयोजित होने वाला जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित नहीं होगा। विधानसभा के मानसून सत्र की समाप्ति के बाद जनदर्शन कार्यक्रम पूर्व की भांति आयोजित किया जाएगा।



### नवापारा में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**नवापारा-राजिम**। प्रदेश कांग्रेस कमेटी जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा द्वारा आज 13 जुलाई को पं. दीनदयाल उपाध्याय चौक में सुबह 10:30 बजे से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव ने बताया कि अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर की कथित चंदा चोरी एवं वित्तीय गड़बड़ी के विरोध में होगा। जिसमें समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता,ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, जिला कांग्रेस पदाधिकारी, महिला कांग्रेस मंडल अध्यक्ष, सेवा दल, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## आरोप : दोपहर 3 बजे एंट्री बंद होने पर शुरू हुआ विवाद, कार में तोड़फोड़, पुलिस से भी उलझे

# चिंगरापगार में बवाल, बंद होने के बाद भी जबरन घुस रहे दुर्ग के युवकों ने पार्किंग में की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रसिद्ध पर्यटन स्थल चिंगरापगार में रविवार को प्रवेश बंद होने के बाद जबरन अंदर जाने की कोशिश को लेकर बड़ा बवाल हो गया। दुर्ग से पहुंचे युवकों और प्रवेश व पार्किंग व्यवस्था संभाल रहे स्थानीय युवकों के बीच शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि बाहरी युवकों ने पाइप और हाथ-मुक्कों से स्थानीय युवकों की पिटाई कर दी। घटना से गुस्साए लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और युवकों की कार में तोड़फोड़ कर दी। विवाद बढ़ने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवकों को थाने ले गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण भी सिटी कोतवाली पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दुर्ग से चार-पांच युवक दो से तीन चारपहिया वाहनों में चिंगरापगार पहुंचे थे। पर्यटन स्थल में दोपहर 3 बजे के बाद प्रवेश बंद होने के बावजूद युवक अंदर जाने की कोशिश कर रहे थे। प्रवेश और पार्किंग व्यवस्था संभाल रहे स्थानीय समिति के युवकों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले बहस हुई और फिर विवाद मारपीट तक पहुंच गया।

**पाइप से हमला करने का आरोप-** स्थानीय लोगों का आरोप है कि विवाद के दौरान बाहर से आए युवकों ने समिति के सदस्यों के साथ पाइप और हाथ-मुक्कों से मारपीट की। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों और आसपास के ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। इसी दौरान गुस्साई भीड़ ने युवकों की एक कार में तोड़फोड़ कर दी।

**पार्टी का नाम लेकर धौंस जमाने का आरोप**-ग्रामीणों का आरोप है कि विवाद करने वाले युवक खुद को एक राजनीतिक पार्टी से जुड़ा बताते हुए धौंस ▶▶|शेष पेज 8 पर



### ग्रामीणों की भीड़ पहुंची कोतवाली

घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण सिटी कोतवाली पहुंच गए। इससे कुछ समय तक थाने के आसपास गहमागहमी का माहौल बना रहा। विवाद से जुड़े एक वाहन को भी पुलिस थाने लेकर आई है। वहीं ग्रामीणों का दावा है कि एक अन्य वाहन, जिस पर भाजपा पदाधिकारी का पदनाम लिखा हुआ था, विवाद के बाद मौके से चला गया।



### आरोपी गिरफ्तार, अपराध दर्ज

सिटी कोतवाली प्रभारी शिशिर पांडेय ने बताया कि ग्रामीणों और बाहर से आए लोगों के बीच बहस के बाद मारपीट हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची और आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। पुलिस मारपीट, वाहन में तोड़फोड़ और पूरे घटनाक्रम से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

## चाकू की नोक पर लूट के आरोप में दो गिरफ्तार

**अभनपुर**। अभनपुर-राजिम मार्ग स्थित गातापार बड़े नहर के पास दो युवकों से चाकू की नोक पर मोबाइल फोन एवं नकदी लूटने के मामले में अभनपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजने के लिए न्यायालय में पेश किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार गरियाबंद जिले के ग्राम कुरूद निवासी नारायण साहू एवं उनके साथी गोपीचंद साहू 6 जुलाई की रात रायपुर से अपने गांव लौट रहे थे। रात करीब 9 बजे गातापार बड़े नहर के पास तीन युवकों ने उन्हें रोककर चाकू की नोक पर दो मोबाइल फोन तथा 29,500 नकद सहित कुल लगभग 35,500 की संपत्ति लूट ली थी। घटना के बाद आरोपी काले रंग की एक्टिवा से फरार हो गए थे। पीड़ितों की रिपोर्ट पर थाना अभनपुर में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने प्रकरण में शामिल दो आरोपियों युवराज सेन (18) निवासी काली मंदिर के पास, डूमरतराई रायपुर तथा साहिल ओगरे 19 वर्ष निवासी नायकबांधा अभनपुर को गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध थाना अभनपुर में 304, 3 (5) भारतीय न्याय संहिता एवं 25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर जेएमएफसी न्यायालय, रायपुर में पेश करने के लिए रवाना किया गया। पुलिस मामले में अन्य आरोपियों की संलिप्तता एवं लूटे गए सामान की बरामदगी के संबंध में आगे की जांच कर रही है।



## खुटगांव बॉर्डर पर 35 किलो गांजा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में समस्त थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध गांजा शराब के विरुद्ध खड़े एवं प्रभावी कार्यवाही के संबंध में निर्देशित किया गया था जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत में फिक्स पॉइंट चेकिंग लगाकर पुलिस बल तैनात किए हैं। इसी क्रम में थाना देवभोग के द्वारा दिनांक 11 जुलाई को अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट ▶▶|शेष पेज 8 पर




## स्कूटी से 4 लाख का गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**मैनपुर**। मैनपुर क्षेत्र में स्कूटी के भीतर गांजा छुपा कर तस्करी करने वाले आरोपियों को पकड़ने में पुलिस ने सफलता प्राप्त की है। 7 जुलाई को थाना प्रभारी मैनपुर को मुखबीर से सूचना मिली की दो व्यक्ति अपने स्कूटी से अवैध रूप से गांजा तस्करी कर रहा है। सूचना मिलते ही ▶▶|शेष पेज 8 पर



## कोसमबुड़ा-सारागांव मार्ग पर पुल क्षतिग्रस्त, मरम्मत के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

लगातार बारिश के बीच कोसमबुड़ा–सारागांव मार्ग पर क्षतिग्रस्त हुए पुल और बह चुकी एप्रोच रोड का शनिवार को राजिम विधायक रोहित साहू ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। पुल की बदहाल स्थिति देखकर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से पूरी जानकारी ली और लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत देते हुए जनता की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने पुल के दोनों ओर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया और अधिकारियों से कहा कि जब तक स्थायी मरम्मत पूरी नहीं हो जाती, तब तक दुर्घटना रोकने के लिए मजबूत बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड, रात्रि में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा निगरानी की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक रोहित साहू ने कहा कि यह मार्ग क्षेत्र के अनेक गांवों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। पुल क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों, विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों तथा मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में विभाग तत्काल वैकल्पिक आवागमन की व्यवस्था करे और पुल की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को तकनीकी टीम से क्षति का विस्तृत मूल्यांकन कर शीघ्र प्रस्ताव तैयार करने तथा शासन स्तर पर आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए गुणवत्ता और तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के ▶▶|शेष पेज 8 पर



## श्री कुलेश्वरनाथ महादेव का अलौकिक श्रृंगार



**राजिम**। पवित्र त्रिवेणी संगम स्थित श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में रविवार को भगवान भोलेनाथ का मनमोहक एवं अलौकिक श्रृंगार किया गया। आकर्षक श्रृंगार के तहत पुष्पों, बेलपत्र से सुसज्जित भगवान के स्वरूप के दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। मंदिर में पहुंचे श्रद्धालु देर तक इस दिव्य छटा को निहारते रहे और स्वयं को धन्य मानते रहे। रविवार होने के कारण राजिम में श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ देखने को मिली। दूर-दराज के गांवों सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिवभक्त राजिम पहुंचे। श्रद्धालुओं ने सबसे पहले भगवान श्री राजीव लोचन के मंदिर में मत्था टेककर पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और मंगलमय जीवन की कामना की।

## आस्था और सद्भावना के संगम में उमड़ेगा जनसैलाब

# 16 को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, तैयारियां अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के पावन अवसर पर 16 को नवापारा नगर भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी की भव्य रथयात्रा का साक्षी बनेगा। रथयात्रा को लेकर नगर के प्रमुख मंदिरों में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। मंदिर समितियों के सदस्य रथों की साफ-सफाई, रंग-रोगन, सजावट तथा अन्य व्यवस्थाओं में पूरे उत्साह के साथ जुटे हुए हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा नगर भ्रमण पर निकलेंगे। नवापारा की रथयात्रा की विशेषता यह है कि यहां एक साथ तीन भव्य रथ नगर भ्रमण करते हैं। सबसे आगे श्री राधाकृष्ण मंदिर का रथ रहता है। उसके पीछे श्री सत्यनारायण मंदिर का रथ तथा सबसे अंत में साईं मंदिर का रथ श्रद्धालुओं के जयघोष के बीच आगे बढ़ता है। तीनों रथों के एक साथ निकलने का दृश्य अत्यंत मनोहारी और श्रद्धा से परिपूर्ण होता है। मंदिर समितियों के अनुसार रथयात्रा शाम लगभग 4 से 4:30 बजे मंदिर परिसर से प्रारंभ होगी। यह यात्रा सदर बाजार, कुम्हारहटरी, साहू गुड़ी, सुभाष चौक, बस स्टेण्ड ,मां काली मंदिर, नगर पालिका तिराहा रोड से होकर पुनः अपने-अपने मंदिरों तक पहुंचेगी। पूरे मार्ग में श्रद्धालु भगवान के दर्शन के लिए दोनों ओर कतारबद्ध खड़े रहते हैं तथा श्रद्धापूर्वक रथ को खींचने का सौभाग्य प्राप्त करते हैं। रथयात्रा के दौरान नगर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में डूब जाता है। ढोल-नगाड़ों, झांझ-मंजीरों, शंखध्वनि और जय जगन्नाथ के उदघोष से पूरा शहर गुंजायमान ▶▶|शेष पेज 8 पर



अग्रसेन प्रा. आई.टी. आई

BHILAI | DHANORA

ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

FITTER 2 Year (10th Pass)

C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

छत्तीसगढ़ राज्य की बालिकाओं एवं महिलाओं को COPA ट्रेड में निशुल्क प्रशिक्षण

Affiliated By: N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत / भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्रा - छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25% की छूट

REGISTRATION OPEN

कुरुद रोड़ कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444

अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस,ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ने घायल को कार से पहुंचाया अस्पताल



**सुरसाबांधा।** गरियाबंद जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जतमई-घटारानी एवं चिंगरापगार घूमने जा रहे एक बाइक सवार पर्यटक का सुरसाबांधा के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू तत्काल मौके पर पहुंचे और मानवता का परिचय देते हुए घायल युवक को अपनी निजी कार से शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राजिम पहुंचाकर भर्ती कराया। अस्पताल पहुंचने के बाद योगेश साहू ने चिकित्सकों से घायल के समुचित उपचार एवं बेहतर देखभाल के संबंध में चर्चा की तथा आवश्यक उपचार शीघ्र उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उनकी तत्परता के कारण घायल को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सकी। इस मानवीय पहल की क्षेत्रवासियों ने सराहना करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में किसी अजनबी की सहायता करना समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। बारिश के मौसम में जतमई-घटारानी एवं चिंगरापगार सहित जिले के पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। ऐसे में पर्यटकों से अपील की गई है कि वे बाइक एवं अन्य वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं, तेज गति से बचें तथा यातायात नियमों का पालन करें। साथ ही जिला प्रशासन से भी आग्रह किया गया है कि पर्यटन स्थलों एवं प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी और आवश्यक यातायात प्रबंधन को और सुदृढ़ किया जाए, ताकि दुर्घटनाओं की आशंका कम हो और किसी भी आपात स्थिति में लोगों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

# जरण्डी में बेबस बुजुर्ग दिव्यांग कमार दंपति को न प्रमाण पत्र मिला और न ही ट्राइसिकल

## संतानों की मौत के बाद बेसहारा हुआ कमार परिवार, पेंशन से भी वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी आदिवासी कमार जनजाति के विकास और उत्थान के लिए करोड़ों रुपये का बजट पानी की तरह बहाकर अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। सरकारी दस्तावेजों में इनके जीवन स्तर में बड़े बदलाव के दावे तो किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत आज भी इससे कोसों दूर है। विकास की पोल खोलती एक ऐसी ही दर्दनाक तस्वीर तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 15 किलोमीटर दूर गरियाबंद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत जंगलधवलपुर के आश्रित ग्राम जरण्डी से सामने आई है, जहाँ एक बुजुर्ग दिव्यांग कमार दंपती मूलभूत सरकारी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। ग्राम जरण्डी निवासी लटीराम कमार (65 वर्ष) एवं उनकी पत्नी तिसाइन बाई (60 वर्ष) का जीवन इस उम्र में अत्यंत कष्टदायी हो गया है। बुजुर्ग दंपती ने रुआंसे गले से बताया कि उनके दो बच्चे थे, लेकिन दोनों की अकाल मौत हो गई। अब इस बुढ़ापे में वे पूरी तरह बेसहारा हैं।

पत्नी तिसाइन बाई पैरों से पूरी तरह दिव्यांग हैं और चल-फिर नहीं सकतीं, जबकि पति लटीराम लाठी के सहारे बमुश्किल कुछ कदम ही चल पाते हैं। हालाँकि, इन्हें 'जनमन योजना' के तहत आवास तो स्वीकृत हुआ है, लेकिन समाज कल्याण विभाग की घोर लापरवाही के कारण आज तक इनका दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बन सका है।

### गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाना बेहद जरूरी

दिनेश ठाकुर, सरपंच, ग्राम पंचायत जंगलधवलपुर ने कहा की ग्राम जरण्डी के बुजुर्ग दिव्यांग लटीराम और उनकी पत्नी तिसाइन बाई को तत्काल दिव्यांग प्रमाण पत्र, पेंशन और ट्राइसिकल मिलनी चाहिए। सरकार की इतनी योजनाएं होने के बाद भी समाज कल्याण विभाग और संबंधित अधिकारियों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जो कि निंदनीय है। जरण्डी गांव में तत्काल एक विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाने की आवश्यकता है, क्योंकि यहां काफी संख्या में लोग दिव्यांगता और अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं, जिन्हें त्वरित इलाज और सरकारी मदद की दरकार है।

### विधायक ने घर पहुंचकर जाना हाल, दी नकद सहायता



ग्राम जरण्डी के दौरे पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव को जब ग्रामीणों ने इस बेबस बुजुर्ग दंपती की समस्याओं से अवगत कराया, तो वे तत्काल उनके कच्चे मकान में पहुंचे। विधायक ने दंपती का हालचाल जाना और अपनी ओर से तत्काल नगद आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक ने मौके से ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़ी हिदायत देते हुए निर्देशित किया कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं के तहत इस कमार परिवार को तत्काल ट्राइसिकल, दिव्यांग प्रमाण पत्र और पेंशन समेत तमाम पात्रता वाली योजनाओं का लाभ बिना किसी विलंब के दिलाया जाए।

**पहल :** देश के लिए बनेगा मॉडल, अब जंगल में हर गतिविधि पर रहेगी स्मार्ट निगरानी

# उदंती टाइगर रिजर्व में एआई का पहरा : 80 फीट ऊंचे टावरों से होगी तस्करों और शिकारियों की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में वन्यजीव संरक्षण और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित स्मार्ट सर्विलांस सिस्टम का ट्रायल शुरू किया गया है। इस परियोजना के तहत 70-80 फीट ऊंचे टावरों पर पी2पी तकनीक से जुड़े एआई कैमरे लगाए जा रहे हैं, जो जंगल में वन्यजीवों और संदिग्ध मानवीय गतिविधियों की रियल-टाइम निगरानी करेंगे। एआई कैमरे हाथी, बाघ, तेंदुआ और भालू जैसे वन्यजीवों की पहचान करने के साथ-साथ शिकारियों, लकड़ी तस्करों और अवैध घुसपैठियों का भी स्वतः पता लगाएंगे। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या वन्यजीव की मौजूदगी मिलने पर संबंधित वन अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल व्हाट्सएप पर अलर्ट भेजा जाएगा, जिससे त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी।


परियोजना का पहला चरण ओडिशा सीमा से लगे कुल्हाड़ीघाट, इंदागांव, रिसगांव, दक्षिण उदंती और पायलिखंड उत्तर उदंती रेंज में लागू किया जा रहा है। पी 2 पी वायरलेस तकनीक के माध्यम से दुर्गम जंगलों में भी इंटरनेट और वीडियो स्ट्रीमिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जहां सामान्य नेटवर्क नहीं पहुंचता। वन विभाग के अनुसार यह एआई आधारित निगरानी प्रणाली जंगलों की 24 घंटे निगरानी, मानव-हाथी संघर्ष की रोकथाम, वन्यजीव अपराधों पर नियंत्रण और वन संसाधनों की सुरक्षा को मजबूत करेगी। पिछले चार वर्षों में उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व ने 956 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है तथा 500 से अधिक तस्करों और शिकारियों की गिरफ्तारी की है।

**स्टाफ की कमी को दूर करेगा यह फोर्स मल्टीप्लायर-** यह पहल मध्य भारत में एआई आधारित वन संरक्षण की सबसे उन्नत परियोजनाओं में से एक मानी जा रही है और भविष्य में देश के अन्य संरक्षित क्षेत्रों के लिए भी मॉडल बन सकती है। क्षेत्र संरक्षण गतिविधियों के लिए अधिक सुलभ हो रहे हैं, वैसे-वैसे शिकारियों, लकड़ी तस्करों एवं अतिक्रमणकारियों द्वारा इन क्षेत्रों के दुरुपयोग की संभावना भी बढ़ रही है। देशभर में वन विभागों को अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों की कमी एवं रिक्त पदों की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में यह एआई आधारित निगरानी प्रणाली एक फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में कार्य करेगी, जिससे गश्त में आने वाले अंतराल कम होंगे, वन कर्मचारियों की पहुँच बढ़ेगी तथा संवेदनशील क्षेत्रों की चौबीसों घंटे निगरानी संभव हो सकेगी।




### 4 वर्षों का रिपोर्ट कार्ड: बेमिसाल कामयाबी

पिछले कुछ वर्षों में सुदृढ़ संरक्षण उपायों एवं तकनीकी निगरानी के परिणामस्वरूप रिजर्व में कई महत्वपूर्ण वन्यजीव अभिलेख दर्ज किए गए हैं। इनमें बाघ एवं हाथी के अतिरिक्त मालाबार पाइड हॉर्नबिल, भारतीय विशाल गिलहरी, भारतीय उड़न गिलहरी, इंडियन पैराडाइज फ्लायकैचर, पेरेग्रीन फाल्कन, ऊदबिलाव तथा ट्राइकारिनेट हिल टर्टल जैसी प्रजातियों का दस्तावेजीकरण शामिल है, जो बेहतर पारिस्थितिक स्वास्थ्य एवं समृद्ध जैव विविधता का संकेत है। यह एआई आधारित निगरानी नेटवर्क महत्वपूर्ण वन्यजीव गलियारों एवं संवेदनशील वन क्षेत्रों के लिए एक बुद्धिमान सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करेगा तथा वन्यजीवों एवं वन संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के दीर्घकालिक संरक्षण लक्ष्यों को सशक्त बनाएगा। यह परियोजना मध्य भारत में एआई आधारित संरक्षण तकनीक के सबसे उन्नत अनुप्रयोगों में से एक है तथा देश के अन्य संरक्षित क्षेत्रों के लिए एक मॉडल के रूप में उभरने की क्षमता रखती है।




### भाजपा नेताओं ने बरोण्डा में चलाया डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म अभियान

**सुरसाबांधा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा ग्राम बरोण्डा में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भाजपा कार्यकर्ताओं को डिजिटल युग की नई तकनीकों से जोड़ना तथा संगठनात्मक कार्यों में डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग के लिए प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के सही एवं प्रभावी उपयोग, ऑनलाइन अध्ययन सामग्री तक पहुंच, डिजिटल संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल तथा संगठनात्मक गतिविधियों में तकनीक के महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही डिजिटल माध्यमों के जरिए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं संगठन की गतिविधियों को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के बारे में भी मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कहा कि डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म अभियान के अंतर्गत मंडल में 300 से अधिक पंजीयन पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के उत्साह और सक्रिय सहभागिता से यह अभियान लगातार सफल हो रहा है तथा आने वाले समय में और अधिक लोगों को इससे जोड़ा जाएगा।

## पेज 7 के शेष...

### मानवता की मिसाल...

साबित कर दिया कि मानवता सबसे बड़ा धर्म है।

**महानदी के घाटों पर सुरक्षा को लेकर उठे गंभीर सवाल-** हालांकि उसकी असमय मृत्यु ने परिवार ही नहीं, पूरे नवापारा शहर को गमगीन कर दिया है। इस हृदयविदारक घटना ने एक बार फिर महानदी में सुरक्षा व्यवस्था, खतरनाक घाटों पर चेतावनी बोर्ड, बैरिकेडिंग तथा प्रशिक्षित लाइफगार्ड की आवश्यकता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बरसात के मौसम में नदी का जलस्तर और बहाव तेजी से बदलता है, ऐसे में प्रशासन द्वारा अतिरिक्त सुरक्षा उपाय किए जाना समय की मांग है, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### चिंगरापगार में बवाल...

जमाने की कोशिश कर रहे थे। स्थानीय लोगों का दावा है कि युवक भाजपा पदाधिकारी की गाड़ी होने की बात कहकर ग्रामीणों और पुलिस पर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे थे। कुछ ग्रामीणों ने युवकों के नशे में होने का भी आरोप लगाया है। हालांकि, इन आरोपों की पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि विवाद के दौरान कुछ युवक पुलिस से भी उलझ गए और गाली-गलौज करते हुए तबादला कराने की धमकी देने लगे। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस युवकों को चिंगरापगार से सीधे सिटी कोतवाली लेकर पहुंची।

### खुटगांव बॉर्डर...

खुटगांव में संदिग्ध वाहन की चेकिंग के दौरान ओड़िशा की ओर से छत्तीसगढ़ की तरफ आ रही एक लाल रंग की होंडा एस पी-125 मोटरसाइकिल क्रमांक ओडी 08 आर 5280 को संदेह के आधार पर रोककर जांच की गई। वाहन में सवार दोनों व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उनके जवाब संदेहास्पद प्रतीत होने पर मोटरसाइकिल एवं उनके पास रखे सामान की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 35 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। मौके पर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए गांजा, परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं दोनों आरोपियों के कब्जे से प्राप्त मोबाइल फोन जप्त किए गए। पूछताछ में आरोपियों द्वारा गांजा के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके फलस्वरूप दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### स्कूटी से 4 लाख...

मैनपुर पुलिस टीम को जिड़ार तिराहा रवाना किया गया। मैनपुर पुलिस टीम ने फिल्मी अंदाज में स्कूटी के पाट्‌र्स के भीतर गांजा छुपाकर ले जा रहे राजस्थान के दो अंतरराज्यीय तस्करों को रंगे हाथों दबोचा है। दो प्रकरणों में आरोपियों के पास से 8 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 4 लाख रुपये है। संदेह के आधार पर पुलिस ने जब आरोपियों की दो सुजुकी स्कूटी की बारीकी से तलाशी ली, तो अधिकारी भी हैरान रह गए। तस्करों ने फिल्मी स्टाइल में स्कूटी के गुप्त हिस्सों (पाट्‌र्स) के अंदर नशीला पदार्थ गांजा को छुपा रखा था। पाट्‌र्स को खोलने पर दोनों स्कूटी से 4-4 किलोग्राम (कुल 8 किलोग्राम) कीमती 04 लाख के गांजा बरामद हुआ, जिसे वाहनों समेत जप्त कर लिया गया है। आरोपियों को कृत्य अपराध धारा 20 (ख) नारकोटिक एक्ट का पाये जाने से आरोपी किशन कुमार एवं शिवप्रसाद सैनी निवासी राजस्थान के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### कोसमबुड़ा-सारागांव...

दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक को पुल टूटने के बाद हो रही कठिनाइयों से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि रोजमर्रा की आवाजाही, कृषि कार्य, स्कूल-कॉलेज आने-जाने और आवश्यक सेवाओं पर इसका गंभीर असर पड़ा है। विधायक ने उनकी समस्याएं सुनकर जल्द समाधान का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए जल्द से जल्द मार्ग को सुरक्षित और सुचारु बनाया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

### 16 को निकलेगी...

रहता है। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भगवान की आरती उतारी जाती है तथा पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया जाता है। अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, शरबत और अन्य सेवाओं की भी व्यवस्था की जाती है।

**भक्ति के रंग में डूबेगा शहर, जगह-जगह होगी पुष्पवर्षा-** रथयात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ का प्रिय महाप्रसाद गजामुंग श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा। प्रसाद प्राप्त करने और भगवान के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ते हैं। ऐसी मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ के रथ के दर्शन एवं रथ को खींचने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। नवापारा की यह रथयात्रा पूरे अंचल का प्रमुख धार्मिक आयोजन मानी जाती है। आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों श्रद्धालु इस अवसर पर नगर पहुंचते हैं। विशेष रूप से मातृशक्तियों की बड़ी भागीदारी इस आयोजन की विशेष पहचान है।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130












प्रस्तुति - उत्कर्ष शर्मा रिपोर्टर ब्यूरो कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं. 9752106022, दीपक साहू, संवाददाता सुरसाबांधा, मो. 8959346055

## खबर संक्षेप



### पीएम श्री हरिहर स्कूल में सामूहिक ज्ञानदीक्षा संस्कार

**नवापारा-राजिम।** पीएमश्री हरिहर शास सेजेश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के दोनों पालियों में लगने वाली कक्षाओ में सामूहिक ज्ञान दीक्षा संस्कार महोत्सव का आयोजन रखा गया था। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के समक्ष अपनी प्राचीन गुरुकुल शिक्षा प्रणाली व आधुनिक मैकालेकी शिक्षा का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। किन परिस्थितियों में कब, किसने, कैसे और किस नीयत से मैकालेकी पद्धति से शिक्षण की शुरूवात की इन सारे तथ्यों की रोशनी में अपनी प्राचीन गुरुकुल शिक्षण-प्रशिक्षण प्रणाली को ही श्रेष्ठ और सर्वोत्तम माना। गुरुकुल के अनुशासनों-संकल्पों का प्रस्ताव रखा गया जिसे सभी लोग ध्वनिमत से पारित स्वीकार एवं शिरोधार्य किया तथा अनुशासन बनाये रखने संकल्प लिया।

### आरके सोनी बने प्रशासनिक अधिकारी

**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी संभागीय



कार्यालय राजिम से सेवानिवृत अनुभाग अधिकारी, आर के सोनी, को विद्युत कंपनी ने पदोन्नत कर प्रशासनिक अधिकारी बनाया गया है। उनके प्रशासनिक अधिकारी बनने पर संभाग नवापारा राजिम के सभी कर्मचारियों में हर्ष है। उल्लेखनीय है कि श्री सोनी, छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ/महासंघ, रायपुर,क्षेत्र ग्रामीण के उपाध्यक्ष चुना गया है।

## निधन

### बंसीलाल राठी

**अभनपुर।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी बंसीलाल राठी (86) का निधन 12 जुलाई की सुबह लगभग



11 बजे हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।उनके अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वे नगर के व्यवसायी राजेश राठी एवं संजय राठी के पिता तथा रानूलाल राठी एवं वरुण राठी के बड़े पिता थे।

**समस्या :** सड़क पर वाहनों की पार्किंग और मलबे से संकरा हुआ नेशनल हाईवे-130, राहगीर परेशान

# दत्तात्रेय मंदिर हटरी क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था भगवान भरोसे, हर शाम लग रहा लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

शहर के मध्य दत्तात्रेय मंदिर स्थित पुरानी नल टंकी के पास लगने वाली हटरी स्थानीय लोगों के लिए आवश्यक बाजार है, लेकिन यहां फैली यातायात अव्यवस्था अब आम नागरिकों के लिए बड़ी परेशानी और दुर्घटनाओं का कारण बनती जा रही है। हर शाम चार बजे से लेकर साढ़े सात-आठ बजे तक नेशनल हाईवे-130 (रायपुर-गरियाबंद मार्ग) पर लंबा जाम लगना आम बात हो गई है। इस दौरान पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक से लेकर भक्तिन माता चौक तक वाहनों की लंबी कतारें दिखाई देती हैं। सब्जी खरीदने आने वाले लोग अपनी कार, दोपहिया वाहन और साइकिल सड़क पर ही खड़ी कर देते हैं। इससे पहले से ही संकरी हो चुकी सड़क और सिकुड़ जाती है। दूसरी ओर हटरी के सामने सड़क किनारे भी दुकानें लग जाती हैं, जिससे यातायात के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती। परिणामस्वरूप वाहनों की रफ्तार थम जाती है और छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं आए दिन होती रहती हैं। स्थिति को और गंभीर बनाने वाला पहलू सड़क किनारे पाई को समतल करने की बजाय गोटर्रा वाला मलबा डाल दिया गया है। ऐसे में दोपहिया वाहन चालक इस हिस्से का उपयोग करने से बचते हैं क्योंकि फिसलने और गिरने का खतरा बना रहता है। कार चालक भी इस ओर वाहन ले जाना उचित नहीं समझते, जिससे पूरा दबाव मुख्य सड़क पर आ जाता है और जाम की समस्या विकराल हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्वाइंट में पुलिस की तैनाती रहती है और न ही पार्किंग की कोई व्यवस्था है। लोग अपनी सुविधा के अनुसार कहीं भी वाहन खड़े कर देते हैं। गरियाबंद, पांडुका, कोपरा,कौंदकेरा,बेलटुकरी की ओर से राजिम की ओर आने-जाने वाले हजारों लोगों को प्रतिदिन इस अव्यवस्था का सामना करना पड़ता है। समस्या केवल जाम तक सीमित नहीं है। सड़क पर घूमने वाले लावारिस मवेशी और सांड भी दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन रहे हैं।

**इन उपायों से मिल सकती है राहत-** मवेशियों के अचानक सड़क पर आ जाने से वाहन चालकों को ब्रेक लगाने पड़ते हैं, जिससे पीछे चल रहे वाहन टकराने की स्थिति में आ जाते हैं। शाम के व्यस्त समय में यह मार्ग किसी जोखिम भरे रास्ते से कम नहीं दिखाई देता। नगरवासियों का कहना है कि यदि हटरी क्षेत्र में व्यवस्थित पार्किंग बनाई जाए, सड़क किनारे हुए अतिक्रमण को नियंत्रित किया जाए, पाथवे को समतल किया जाए, नियमित पुलिस की ड्यूटी लगाई जाए तथा लावारिस मवेशियों को हटाने की प्रभावी व्यवस्था की जाए तो इस समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि शहर के सबसे व्यस्त मार्ग पर रोजाना लगने वाले इस जाम और बढ़ते दुर्घटना के खतरे को दूर करने की जिम्मेदारी आखिर कौन निभाएगा? जब तक प्रशासन, पुलिस विभाग मिलकर ठोस कदम नहीं उठाते, तब तक राजिम के नागरिकों को हर शाम जाम और दुर्घटना के खतरे के बीच सफर करने को मजबूर रहना पड़ेगा।







### जब बीच सड़क पर भिड़ गए दो सांड, मच गई अफरा-तफरी

पिछले दिनों इसी हटरी के सामने अचानक दो सांड आपस में सिंग टकराते सड़क पर आ गए। दोंनो की पहलवानी बीच सड़क में तकरीबन 15 मिनट तक चलता रहा। दो पहिया सवार ईधर से ऊधर इनसे बचकर भागते नजर आए। कार वाले तो ये दृश्य देखकर एकबारगी डर ही गए थे कि लड़ते-लड़ते यदि कार की तरफ आ गए तो समझो कार का सत्यानाश होना तय है। परंतु उसी समय एक युवक डंडा लेकर आया हौसला दिखाया किसी तरह से दोंनो सांड को अलग किया तब कहीं लोंगो के जान में जान आई उसके जाम में फंस चुकी वाहन आगे बढ़ी। सांडों के जबर्दस्त लड़ाई का दृश्य सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। यहां जो फंसे थे उन प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उस समय की स्थिति बड़ी विकट थी। सभी लोग डरे हुए थे कि सांडो की यह गाज किसके ऊपर गिर जाएगी कहा नही जा सकता।

## राजिम भक्तिन माता समिति चुनाव में लाला साहू दूसरी बार बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



राजिम भक्तिन माता साहू समाज के अध्यक्ष पद के चुनाव में इस बार उत्साह, प्रतिस्पर्धा और सामाजिक एकजुटता का अनूठा नजारा देखने को मिला। समाज के कुल 1,305 मतदाताओं में 1141 ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर नए नेतृत्व के चयन में भागीदारी निभाई। मतगणना पूरी होने के बाद लाला साहू 984 मत प्राप्त किए मिंजुन साहू को 144 तथा 13 वोट नोटा को प्राप्त हुए इस तरह लाला साहू ने 840 वोटो से पराजित करते हुए लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त की। उपाध्यक्ष के चुनाव में आलोक साहू को 908 तथा ठाकुर राम को 210 वोट मिला 23 वोट नोटा को इस तरह आलोक साहू 698 वोटो से जीत हासिल की जीत की घोषणा होते ही चुनाव स्थल साहू छात्रावास में उत्सव जैसा माहौल बन गया। समर्थकों ने लाला साहू को फूल-मालाओं से लाद दिया, गुलाल उड़ाकर उनका भव्य स्वागत किया और जमकर आतिशबाजी व मिठाइयों के साथ खुशी का इजहार किया। समाज के लोगों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में समाज नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। विजय के बाद लाला साहू ने अपनी सफलता का श्रेय समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं, मातृशक्ति और सभी मतदाताओं को दिया। उन्होंने कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समाज के विश्वास और एकता की जीत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में समाजहित के कार्यों को और अधिक गति दी जाएगी तथा सभी वर्गों को साथ लेकर विकास की नई दिशा में कार्य किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि लाला साहू लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। विशेष रूप से राजिम मेला के दौरान लगातार 15 दिनों तक निशुल्क विशाल भोग-भंडारे का आयोजन उनके प्रयासों से किया जाता है, जिसमें प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं।

## माध्यमिक शाला पक्तियां में बाल संसद एवं इको क्लब का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)



विकासखंड छुरा अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला पक्तियां में विद्यालय के सुव्यवस्थित संचालन, विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा जिम्मेदारी की भावना उत्पन्न करने के उद्देश्य से बाल संसद एवं इको क्लब का गठन किया गया। बाल संसद में मोरध्वज को प्रधानमंत्री, हर्षिका को वित्त मंत्री, सागर को शिक्षा मंत्री, वंशिका को शिक्षा मंत्री, भूपेंद्र को खाद्य मंत्री, सोनाक्षी को खाद्य मंत्री, धनंजय को खेल मंत्री, राशि को खेल मंत्री, मयंक को स्वच्छता मंत्री, टिंकल को स्वच्छता मंत्री, युवराज को सांस्कृतिक मंत्री, विद्या को सांस्कृतिक मंत्री, विवेक को कृषि मंत्री, डिंपल को कृषि मंत्री, थानेश्वर को बागवानी मंत्री, कंचन को बागवानी मंत्री तथा राजकुमार एवं हर्षिता को रक्षा मंत्री का दायित्व सौंपा गया। वहीं सत्यदेव, लाकेश, दिव्या एवं प्रीति को भी विभिन्न जिम्मेदारियां प्रदान की गईं। कक्षा नायकों के रूप में कक्षा छठवीं से लिलेश एवं मोनिका, कक्षा सातवीं से एवन एवं मीनाक्षी तथा कक्षा आठवीं से सागर एवं होशिका का चयन किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक गिरवर लाल ध्रुव तथा शिक्षक जागेश्वर राम ध्रुव, धामेश्वर कुमार साहू एवं गुरुदेव भास्कर ने सभी नवनिर्वाचित छात्र-छात्राओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा उन्हें उनके दायित्वों का कार्यभार सौंपा। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और विद्यालय के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।




## नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल में पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने और नई पीढ़ी में हरियाली के प्रति चेतना जगाने के उद्देश्य से स्थानीय नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल, छुरा में एक और प्रेरणादायक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान में विद्यालय के छात्र-छात्राओं से लेकर प्रबंधन, शिक्षक शिक्षिकाओं और सहयोगी स्टाफ तक, सभी ने बढ़-चढ़कर और अत्यंत उत्साह के साथ अपनी भागीदारी दर्ज की। इस कार्यक्रम की सबसे अनूठी और खूबसूरत बात यह रही कि 'एक बच्चा, एक पौधा' के संकल्प को साकार करते हुए स्कूल का प्रत्येक विद्यार्थी अपने घर से अपने साथ एक-एक पौधा लेकर आया था। विद्यालय परिसर में सुबह से ही उत्सव जैसा माहौल था, जहाँ नन्हें-नन्हें हाथों में नीम, पीपल, बरगद, आंवला, गुलमोहर और आम, जामुन विभिन्न फलदार व छायादार पौधों की हरी-भरी पौधा नजर आ रही थी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में एक अलग ही उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने परिसर के अलग-अलग हिस्सों में अपनी पसंद के पौधे रोपे।

छात्र विहान भोजराज और रियांश साहू ने जामुन के पौधे लगाए, वहीं सिद्धांत ठाकुर और गोविन्द निर्मलकर ने आम के पौधे रोपे। इस दौरान स्टाफ सदस्य धन्नू सोरी, डीगेश, यश यादव, गैंदलाल, दशमत नेताम और हेमा यादव ने कार्यक्रम के दौरान व्यवस्थाएं संभालने, बच्चों की मदद करने और गड्ढे तैयार करवाने में सक्रिय भूमिका निभाई।




## हसदा सरपंच ने कराया नेवता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

ग्राम पंचायत हसदा नं 2 के सरपंच शशिप्रकाश साहू ने अपने पिताजी सेवानिवृत्त शिक्षक रामकृष्ण साहू के जन्मदिन पर नेवता भोज का आयोजन कराया गया। नेवता भोज का यह आयोजन गांव के चारो आंगनबाड़ी, तीनो प्राथमिक शाला, मिडिल स्कूल और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ। इस स्नेह पूर्ण और सराहनीय नेवता भोज में संकुल प्राचार्य एल एन साहू व संस्था प्रमुख भोजराम साहू, गोमती साहू, गायत्री बंजारे तथा शिक्षक-शिक्षिकाएं, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू, ग्रामीण अध्यक्ष गोवर्धन साहू, सचिव कुलदीप सेन, चंद्रहास हिरवानी, चेतन साहू, लोकेश निर्मलकर शामिल हुए। सरपंच शशिप्रकाश ने कहा कि बच्चों की खुशियों में ही हमारी खुशी है।